**बिहार सरकार**

**<u>जल संसाधन विभाग</u>**

**पत्रांक: 1/WRD-IT/IT/12/2022 -** 19

**प्रेषक,**

**संतोष कुमार मल्ल**
**प्रधान सचिव**

**सेवा में,**

विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

1. **मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन**
   मोतिहारी/ सिवान/ दरभंगा/ सहरसा/ भागलपुर/
   नालंदा, बिहारशरीफ/ गया/ औरंगाबाद / डिहरी।
2. **मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण**
   गोपालगंज/ मुजफ्फरपुर/ समस्तीपुर /वीरपुर /कटिहार /पटना।
3. **मुख्य अभियंता (यांत्रिक)**
   जल संसाधन विभाग, बिहार।

**पटना, दिनांक:** 23/01/2025

**विषय:** MIS वेब सॉफ्टवेयर में त्रुटिरहित एवं वांछित स्वरूप में पूर्णतः आंकड़े अद्यतन करने के संबंध में।

**प्रसंग:** विभागीय आदेश-1/WRD-IT/IT/12/2022-98, दिनांक: 24.05.2024 एवं पत्रांक-30, दिनांक: 12.02.2024।

**महोदय,**

आप अवगत हैं कि विभागीय योजनाओं की ऑनलाइन अनुश्रवण सुनिश्चित करने के लिए MIS वेब सॉफ़्टवेयर विकसित किया गया है। वर्तमान में योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा की जा रही है।

MIS में प्रविष्ट आंकड़ों की समीक्षा में यह पाया गया है कि:

1. उदव्यय, आवंटन, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति संबंधित आंकड़े पूर्णतः प्रविष्ट नहीं किए गए हैं।
2. प्रविष्ट आंकड़े त्रुटिपूर्ण एवं वांक्षित स्वरूप से विसंगत भी पाए गए हैं।

**पत्र निर्गत होने की तिथि से 31 जनवरी 2025 के दौरान, MIS में उदव्यय, आवंटन, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के आंकड़ों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित करने हेतु इसे Editable मोड में रखा गया है।**

अतः निदेशित किया जाता है कि :

1. **MIS पर सभी योजनाओं से संबंधित कार्य प्रमंडलों के आंकड़ों को वाँछित स्वरुप में अद्यतन एवं त्रुटिरहित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।**
2. **साप्ताहिक समीक्षा हेतु प्रत्येक शुक्रवार MIS को अद्यतन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।**
3. **अपने स्तर पर आंकड़ों की सत्यता सुनिश्चित किया जाए।**

सहायता हेतु WSIMS पोर्टल पर प्रदर्शित प्रोग्रामरों से संपर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन,

23/1/25

**(संतोष कुमार मल्ल)**
**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक: 1/WRD-IT/IT/12/2022-** 19 **पटना, दिनांक:** 23/01/2025

**प्रतिलिपि:**

1. अभियंता प्रमुख, बाढ़ एवं जल निस्सरण/ सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
2. अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मॉनिटरिंग, अंचल-2/3/बाढ़ मॉनिटरिंग।
3. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मॉनिटरिंग प्रमंडल-15/16/17/18।
4. कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मॉनिटरिंग प्रमंडल-4/5/6/7/8/9/10/11।

उपरोक्त सभी अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि :

1. **विभागीय मॉनिटर MIS में प्रविष्ट डाटा, जैसे उदव्यय, आवंटन, भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के आंकड़ों को अद्यतन रखें।**
2. **प्रत्येक सप्ताह क्षेत्रीय स्तर से प्रविष्ट आंकड़ों की सत्यता की पुष्टि करें।**
3. **योजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण नियमित रूप से MIS के माध्यम से की जाय।**

विश्वासभाजन,

23/1/25

**(संतोष कुमार मल्ल)**
**प्रधान सचिव**